हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024



# चेयरमैन के विरोध के बावजूद खुल गया टेंडर, अब एमआईसी में निरस्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई ठेके को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले इसकी पूरी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए गए। आचार संहिता के दौरान भाजपा नेताओं के दबाव में फार्म बांटने का आरोप लगाने के चलते बीते शुक्रवार को टेंडर नहीं खोला जा सका था। इसके बाद सोमवार को निगम प्रशासन ने बिना स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन की रजामंदी के टेंडर को खोल दिया। स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन ने टेंडर खोले जाने का विरोध भी किया था। अब इधर टेंडर खुलने के बाद इसे एमआईसी में निरस्त करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया गया कि टेंडर खुलने के बाद इसकी स्वीकृति के लिए फाईल एमआईसी में आएगी। यहां पर एमआईसी इसे निरस्त करने की मंशा बना चुकी है। बताया जा रहा है कि निगम की इस कार्यप्रणाली से शहर सरकार काफी नाराज चल रही है। बिना एमआईसी मेंबरों की अनुमति लिए उनके विभागों में निगम प्रशासन के अफसरों के हस्तक्षेप और कार्रवाई से आक्रोश पनप रहा है। इसके खिलाफ जल्द ही एक्शन लेने की तैयारी भी एमआईसी मेंबर कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को टेंडर खोलने की पूरी प्रक्रिया की गई। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन गणेश पवार ने टेंडर खोले जाने का विरोध किया था। उन्होंने अफसरों से कुछ सवाल किए थे। जिनका जवाब मिलने के पहले टेंडर खोलने से मना किया था, परन्तु निगम ने एमआईसी चेयरमैन की बात को अनदेखा कर भाजपा नेताओं के दबाव में टेंडर खोल दिया।

## सफाई ठेके को लेकर थम नहीं रहा विवाद, अब निगम पर उठे सवाल

### आचार संहिता में प्रक्रिया, होगी शिकायत

ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि सफाई ठेके की प्रक्रिया आचार संहिता के दौरान की गई है। ऑफलाईन मोड में फार्म भी आचार संहिता के दौरान ही ठेकेदारों को दिए गए हैं। इसको लेकर ही निगम के अफसरों से सवाल किए गए थे कि किस महिला समूह ने कौन से दिनांक को फार्म लिया है, उसकी जानकारी दी जाए। यह जानकारी निगम उपलब्ध ही नहीं करा पाया। अब इस मामले में निर्वाचन आयोग से एमआईसी मेंबर निगम के अफसरों की शिकायत करने की तैयारी में हैं।




### करेंगे कार्रवाई

मैंने सफाई ठेके के टेंडर को खोले जाने का विरोध किया था। मेरी बात को अनसुनी कर टेंडर प्रक्रिया की गई है। आगे इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए तैयारी की जा रही है।

- गणेश पवार, चेयरमैन स्वास्थ्य विभाग

### 27 वार्डों का ठेका, लाखों का होता है भुगतान

शहर के 51 में से 27 वार्डों में सफाई करने के लिए हर साल ठेका किया जाता है। यह राज्य शासन से स्वीकृत नहीं है, बल्कि निगम अपने भार पर इसका संचालन करता आया है। हर वार्ड के ठेके के एवज में सालाना 10 से 13 लाख का भुगतान किया जाता है। ऐसे में 27 ठेके के बदले निगम पर सालाना तीन करोड़ रुपए का भार आता है। सफाई की आड़ में कमीशनखोरी के चलते ही निगम से जुड़े जनप्रतिनिधियों की नजर इस पर होती है।

## सोने-चांदी के जेवर सहित 2 बाईक भी आरोपियों से की गई बरामद

# दो राज्यों के चार शहरों में चोरी, बना रहे थे नई योजना, गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को छह ऐसे संदिग्ध मिले, जो डकैती का प्लान बना रहे थे। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे महाराष्ट्र के जिला गोंदिया एवं छग के तीन राजनांदगांव, बेमेतरा एवं दुर्ग जिलों में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों से जेवर, दो बाईक एवं चोरी करने के हथियार बरामद कर कार्रवाई की है। आरोपी पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा के रहने वाले हैं।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पत्रकारवार्ता में बताया कि डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस स्टाफ को 26 जून की रात्रि को गश्त के दौरान सूनसान इलाकों में 6 लोग संदिग्ध हालत में मिले। उनसे पूछताछ करने और उनके बैग में रखे सामान की तलाशी लेने पर बैग में पाना, पेंचकश, प्लास, लोहे के सब्बल दो नग व टार्च, डिजिटल ज्वेलरी वेट मशीन मिलने पर उन्हें थाना लाकर पूछताछ किया गया। पकड़े गए आरोपियों द्वारा डकैती के इरादे से थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में आना बताया गया व पूर्व में ग्राम रामाटोला थाना डोंगरगढ़ में 7 मई को दिन में घर का ताला तोड़कर घर से नगदी एवं सोने-चांदी का आभूषण चोरी करना स्वीकार किया।

### सभी आरोपी उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के निवासी



**पकड़े गए आरोपी :** पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अजीजुल इस्माल उर्फ बादल राय 25 वर्ष निवासी मोद्दोकलापारा बालांगीर उड़ीसा, मोकसेद उर्फ कालु अली उर्फ कालू 35 वर्ष निवासी सोनावाली सेंट्रल जेल के सामने थाना तोतापारा जिला संबलपुर उड़ीसा, आकाश यादव उर्फ अबु बकर 31 वर्ष निवासी दिनाशपुर पश्चिम बंगाल शाहपुर, रसेल शेख 22 वर्ष निवासी साहाफकर थाना उमरगंज जिला दक्षिण दिनाशपुर पश्चिम बंगाल, शेख बाबू उर्फ मो. आरिफ शेख उर्फ आरिफ इस्लाम 23 वर्ष निवासी शाहपुर थाना उमरगंज जिला दक्षिण दिनाशपुर पश्चिम बंगाल, मो. शुभो 20 वर्ष निवासी ग्राम खुदगांव थाना मेश्रा जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा एवं सोनार विकास सोनी 39 वर्ष निवासी आदर्श मार्ग निवास पोस्ट ऑफिस के पास थाना अनुपपर जिला अनुपपुर के खिलाफ कार्रवाई की है।

### चोरी का सामान खरीदने वाला दुर्ग में पकड़ाया

उक्त आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा बताया गया कि वो चोरी का माल सोनार विकास सोनी पिता दुर्गाप्रसाद सोनी निवासी अनुपपुर जिला अनुपपुर के पास बेचते थे, जो अनुपपुर से आकर दुर्ग में नियत स्थान पर बुलाकर जेवरात की खरीदी करता था, जिस पर थाना डोंगरगढ़, तुमड़ीबोड़ एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी सोनार विकास सोनी को जिला दुर्ग में घेराबंदी कर पकड़ा, जो आरोपियों से कम दाम में जेवरात खरीदना स्वीकार किया, जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### चोरी का औजार एवं बाईक जब्त

विवेचना के दौरान आरोपियों के बताए अनुसार उनके कब्जे से लोहे का पाना 4 नग, लोहे का पेंचकश प्लास्टिक का मुठ लगा हुआ 7 नग, लोहे का रॉड जिसका एक सिरा नुकीला है 2 नग, एक नग टार्च, 2 नग लकड़ी का डंडा व घटना में प्रयुक्त 2 नग मोटर साइकिल एवं विभिन्न जगहों में चोरी के जेवरात लगभग 64 ग्राम सोना कीमती लगभग 4,75,000 रुपए, 1112 ग्राम चांदी कीमती लगभग 1,00,000 रुपए जुमला कीमती 6,56,000 रुपए जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पूर्व मे भी दे चुके चोरी की घटना को अंजाम

पुलिस अधीक्षक गर्ग ने बताया कि उक्त आरोपी पूर्व में 27 मार्च को जिला दुर्ग में थाना उतई क्षेत्र के उमरकोटी क्षेत्र में सोना-चांदी के गहने, बर्तन व नगदी, 13 अप्रैल को दुर्ग के थाना पद्मनाभपुर क्षेत्र के मातृछाया फेस-2 हाउस नंबर 5-ए ग्राम धनोरा में सोने-चांदी के जेवरात, 25 अप्रैल को जिला बेमेतरा थाना बेमेतरा कोतवाली के वार्ड नंबर 12 कुंदन नगर क्षेत्र में सोना-चांदी, 30 अप्रैल को थाना नेवई क्षेत्र के सड़क नंबर 3 प्लाट नंबर 17 के बंद घर से सोना-चांदी, नगदी। इसी प्रकार 9 जून को थाना गोंदिया ग्रामीण क्षेत्र महाराष्ट्र में 3,40,000 रुपए की चोरी करना स्वीकार किया।

## नेता प्रतिपक्ष मामले में पर्यवेक्षक ने टटोली नब्ज

# पार्षदों से वन-टू-वन रायशुमारी अब संगठन लेगा अंतिम फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर भाजपा में छिड़े विवाद के बाद बुधवार को प्रदेश भाजपा संगठन ने पर्यवेक्षक को भेजकर पार्षदों से रायशुमारी की है। वन-टू-वन पार्षदों से पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव ने उनके मन की बात जानने का प्रयास किया। बताया गया कि दर्जनभर से अधिक पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष बदलने की मांग उनके सामने रखी है। ऐसे में अब नेता प्रतिपक्ष को बदलने की स्थिति में किसे यह पद दिया जाएगा, इसका निर्णय प्रदेश संगठन करेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक साल के दौरान तीन से चार दफा दर्जनभर से अधिक पार्षद विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पास नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को हटाने के लिए जा चुके हैं। उन्हें हर बार डॉ. रमन सिंह द्वारा अश्वासन दिया जा रहा था। ऐसे में पिछले महीने फिर पार्षद समूह उनके पास पहुंचा था और साल के अंत में होने वाले निकाय चुनाव का हवाला देते जल्द इस मामले में कार्रवाई की मांग हुई थी। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन ने पार्षदों से रायशुमारी कर निर्णय लेने के लिए रायपुर निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे और मौजूदा भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को पर्यवेक्षक बनाकर राजनांदगांव भेजा था।



### 13 पार्षद नाराज

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के मौजूदा 19 पार्षदों में से 13 पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर के साथ पिछले महीने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपा था। मौजूदा नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के खिलाफ इन 13 पार्षदों ने पर्यवेक्षक के सामने भी अपनी नाराजगी जताई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि उन्हें हटाकर किसी पिछड़े वर्ग से आने वाले सीनियर पार्षद को यह जिम्मा दिया जा सकता है। इनमें शिव वर्मा, शरद सिन्हा, पारस वर्मा, विजय राय का नाम संभावित बताया जा रहा है।

### समस्याओं का होगा निराकरण

पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव ने मीडिया से कहा कि साल के अंत में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर यह बैठक आहूत की गई थी। इसके साथ ही आपसी समंजस्य और अंदरूनी विषय को लेकर भी पार्षदों से चर्चा की गई है। राजनीतिक क्षेत्रों में अपेक्षा के अनुरूप काम नहीं होने पर नाराजगी देखने को मिलती है। समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा।

### सभी से व्यक्तिगत चर्चा

पर्यवेक्षक संजय श्रीवास्तव करीबन 4 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उनके स्वागत बाद उन्होंने वन-टू-वन पार्षदों से रायशुमारी शुरू की। इस दौरान पार्षदों से मौजूदा स्थिति के साथ ही उनके मन की बात सुनी। बताया गया कि सभी पार्षदों से बात करने के बाद उन्होंने आश्वस्त किया है कि जल्द ही संगठन इस मामले में सकारात्मक फैसला करेगा।

## खबर संक्षेप

### कियोस्क शाखा के संचालक ने की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** ग्राहक के फिक्स डिपाजिट की राशि को जमा न कर व खाते से रकम आहरण करने के मामले में पुलिस ने कियोस्क शाखा के संचालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया सुलैना सिन्हा ने 26 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि मुरारी झोडे निवासी कल्लूबंजारी का अपने-अपने कियोस्क सेंटर में उसके खाते में जमा करने के नाम से 2,00000 रुपए लेकर जमा कर उनके ससुर हिंसाराम के नाम एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी में 40,000 रुपए जमा कर शेष राशि को स्वयं के खाते में ट्रांसफर कर लेने तथा 50,000 रुपए फिक्स डिपाजिट के लिए दिए थे। उसे जमा न कर धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी मुरारी झोडे 39 वर्ष को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

## माय एंगल




# रेत कांड पर कांग्रेस ने फूंका पुतला कहा: अफसर को बचा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुड़पार में हजारों घनमीटर रेत की जब्ती और बिना नीलामी उसे बेचे जाने के मामले में कांग्रेस ने आज जिलेभर में उग्र प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला फूंककर कांग्रेसियों ने राज्य सरकार पर यह आरोप भी लगाया कि एक अफसर को बचाने के लिए पूरी सरकार ताना-बना बुन रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में यदि दोषी एसडीएम पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे जिला और प्रदेश स्तर पर भी आंदोलन का आगाज करेंगे। जिले के डोंगरगढ़, डोंगरगढ़ ग्रामीण, घुमका, कुमर्दा, सोमनी, टेडेसरा, एलबी नगर, छुरिया सहित ब्लॉक मुख्यालय में पुतला दहन आंदोलन में जुटे कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन द्वारा कराई गई इस मामले की जांच की रिपोर्ट को लेकर भी जमकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूरी जांच रिपोर्ट सिर्फ एसडीएम को बचाने के लिए ही तैयार की गई है। कांग्रेसियों का कहना था कि वे इस पूरे मामले में यदि एसडीएम और सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे जिले और प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करेंगे। कांग्रेसियों ने इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सीएम का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अधिवक्ता संघ के चुनाव में 86 फीसदी पड़े वोट

- आज दोपहर आएगा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गहमा-गहमी के बीच बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ की द्विवार्षिक कार्यकारिणी के लिए चुनाव हुआ। तय समय शाम 5 बजे तक 86 प्रतिशत से अधिक सदस्य अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ मतदान में सहभागिता की। कल गुरुवार सुबह न्यायालय परिसर में ही मतों की गणना की जाएगी। दोपहर तक परिणाम आ जाएगा।

अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता मौलेश तिवारी व नारायण कन्नौजे मैदान में हैं। तीनों प्रत्याशी मतदान केंद्र के बाहर वाले गलियारे में पूरे समय डटे रहे। सभी मतदान के लिए पहुंच रहे अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान का आग्रह करते रहे। अधिवक्ता संघ के कुल 548 में से 472 सदस्य अधिवक्ताओं ने मतदान किया। संघ की सदस्य के नाते महापौर हेमा देशमुख ने भी मतदान किया। वे महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव कुसुम दुबे के साथ मतदान करने पहुंची थी। उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक चौधरी, देवेशदत्त दास वैष्णव और मोरध्वज साहू के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रहा। सचिव पद में नरेश कुमार गंजीर और राजेश खांडेकर के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं कार्यकारिणी पुरूष के पद पर छह प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया है। इनमें भागवत साहू, हरिलाल पटवा, महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, नरेश कुमार शर्मा और वीरेंद्र मुक्ति शामिल हैं। सभी के चुनावी भाग्य का फैसला गुरुवार को दोपहर तक आ जाएगा।



### चुनाव अधिकारियों ने कराई वोटिंग

मतदान की प्रक्रिया न्यायालय परिसर के प्रथम तल पर कराई गई। अधिवक्ता संघ के कई सदस्य ऐसे हैं, जिन्हें सीढ़ियों से चलकर वहां तक पहुंच पाना संभव नहीं था। इस कारण उन्हें भूतल पर ही मतदान की सुविधा दी गई। प्रत्याशियों की सहमति के बाद सहायक चुनाव अधिकारियों गुणेश्वर साव व एलडी हिरवानी स्वयं मतपत्र लेकर नीचे आए और ऐसे छह सदस्यों से मतदान कराया।

## बुधवार को 39 डिग्री के साथ बाकी सभी शहर से गर्म रहा नांदगांव

# एक जुलाई से धुंआधार बारिश के आसार, अगले पांच दिनों में 3 डिग्री तक लुढ़केगा अधिकतम पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून के दस्तक देने के बाद भी अंचल में धुंआधार बारिश देखने को नहीं मिली है। जून के कोटे से बारिश का आंकड़ा 40 फीसदी तक दूर चल रहा है। आने वाले पांच दिनों में भी भारी बारिश की संभावना कम है। हालांकि इस दौरान अंचल के अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार जताए गए हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की कमी देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक 26 से 29 जून तक प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश होगी। एक द्रोणिका मध्य गुजरात से पूर्वी विदर्भ तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल गुरुवार को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। एक जुलाई से वर्षा की मात्रा बढ़ने की संभावना है।




### जारी किया था अलर्ट

मौसम विभाग ने बुधवार शाम 3 घंटे के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बारिश का यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राजनांदगांव सहित बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, मुंगेली, नारायणपुर, रायपुर में यलो अलर्ट जारी किया गया था। जबकि बालोद, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कोरबा, कोरिया, सुकमा व सरगुजा जैसे जिलों में ऑरेंज अलर्ट।

### प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार बाद बुधवार को भी प्रदेश में सबसे गर्म शहर यानि सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22 डिग्री नारायणपुर में रहा। मंगलवार को बारिश नहीं होने के कारण प्रदेश के कई जिलों में तापमान सामान्य से ज्यादा रहा, परन्तु बुधवार को हुई बारिश के चलते तापमान अगले 72 घंटों में 2 से 5 डिग्री तक नीचे आने की संभावना है।












# पहले दिन बच्चों का स्वागत, निरंतर पढ़ाई के लिए बच्चों को किया अतिथियों ने प्रेरित

## स्कूलों में हुआ प्रवेश उत्सव का आयोजन

## पहले दिन बच्चे दिखे उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बुधवार को सभी स्कूल के कपाट खुल गए। पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया और उन्हें नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है कि 18 जून से नवीन शिक्षा सत्र आरंभ होना था किन्तु भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग से अवकाश की अवधि को 26 जून तक बढ़ा दिया था। अवकाश खत्म होने के बाद गुरूवार को सभी सरकारी और निजी स्कूल खुले। लंबे अवकाश के बाद बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल पहुंचे जिनका जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। स्वागत के बाद बच्चों को दाखिला देने के साथ राज्य शासन की योजना के तहत किताबें, ड्रेस दिया गया। इसी कड़ी में प्राथमिक शाला सुखरी में भी प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसडीएम मनोज मरकाम, डीईओ श्री जायसवाल, एबीईओ रश्मि ठाकुर, जनपद सभापति चंद्रिका सोनकर, रोहित सोनकर, शाला समिति के अध्यक्ष भीष्म तिवारी, सरपंच सुरेंद्रगिर गोस्वामी ,सचिव भुआल गिर आदि शामिल हुए।सभी ने सत्र के पहले दिन बच्चों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानपाठक सपना भारद्वाज, शिक्षिका सरस्वती साहू, गिरजा साहू, टीकाराम, धनंजय तिवारी, सीएल हिरवानी, तुलसी धनकर, यशोदा, चंद्रकला, हेमलता तिवारी, सोमेश साहू, अमरू, मोहन साहू, राकेश मरकाम, पिंकेश्वरी, तामेश्वरी, अमीन, गंगा, बिन्नी आदि मौजूद थे।

### आगे बढ़ने के लिए बच्चे सतत रहे प्रयत्नशील

**छुईखदान।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी- अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 26 जून को प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तीका संजय महोबिया थी। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान एवं नपं उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया थे। शुभारंभ और स्वागत के बाद कक्षा पहली में भर्ती छात्रों को किताब और अन्य समान देकर शाला प्रवेश कराया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती महोबिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने मंशा के अनुसार गरीबों और आम जनों के बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं जिसका लाभ आने वाले समय में मिलेगा। शाला पालक समिति के अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा स्वामी आत्मानंद स्कूल लगातार ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। यहां पढ़ने वाले बच्चे बेहतर अंक के साथ सफलता हासिल कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप वैष्णव शासन की योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर नपं उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया, प्राचार्य हीरान्तक द्विवेदी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षक श्री परते, देवीसिंह ठाकुर, श्री चंदेल, नम्रतासिंह, जय साहू, चेतन महोबिया, किरणमल, मुसताहिर जमाल, घृतिका देवांगन, पूजा तंबोली, पूजा चंद्राकर, बरखा जनबंधु, मेरी थामस, चौबे मेम, तिवारी मेम, रानी देवांगन, श्री साहू, रिया देवांगन, रोशन चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।



### किताब और गणवेश का वितरण

**डोंगरगढ़।** छपारा स्थित प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा किया। तत्पश्चात कक्षा पहली के बच्चों की आरती उतारकर पाठयपुस्तक, गणवेश प्रदान किया गया। स्वागत के बाद शाला समिति की उपाध्यक्ष सावित्री साहू, राजकुमारी, लक्ष्मी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गणपत साहू ने बच्चों को संबोधित किया। शाला के बच्चों के लिए न्यौता भोज का आयोजन खेमू पटेल, लक्ष्मी साहू, निशा पटेल, राजकुमारी आदि ने किया। लक्ष्मी साहू ने सभी बच्चों को पेन बैग प्रदान किया। अंत में प्रधान पाठक मदन मंडावी ने आभार जताया। कार्यक्रम में लोकनाथ कंवर, उगेश धुर्वे, लखनलाल साहू, पेमिन साहू, तोरण वर्मा, रामावतार वर्मा, दुर्गा साहू, कुंजिया बाई, भोज साहू आदि शामिल हुए।





**द्वारा।** ग्राम पंचायत शिवपुरी में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सरपंच राजकुमार द्विवेदी ने कक्षा छठवीं के बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित नेवता भोज में पंच राधा देवदास ने पापड़ एवं चॉकलेट वितरित किया।



प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला सांगिनकछार में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। नवीन छात्र-छात्राओं का गुलाल से स्वागत करने के बाद पुस्तक एवं ड्रेस दिया गया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में पुरुषोत्तम वर्मा, सविता उईके, कीर्तन चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम यादव, जितेन्द्र सिन्हा, बिरेंद्र चंद्रवंशी, सागर वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, रामेश्वर, टेकचंद धुर्वे, यामिनी साहू, खिलेश्वरी आदि उपस्थिति थे।

स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुधवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल, डीएमसी सतीश ब्यौहारे, प्राचार्य जयंत साहू, अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल प्रभारी स्वाती वर्मा, संदीप वर्मा, सृष्टि शर्मा, सोनल देवांगन, निशा साहू आदि शामिल हुए। इस आयोजन के लिए विद्यालय को रंगीन गुब्बारों से सजाया गया। शिक्षकों ने सभी बच्चो को तिलक लगाकर स्वागत किया साथ ही चॉकलेट का वितरण किया। कलेक्टर ने छात्र- छात्राओं को पुस्तक प्रदान किया। प्राचार्य जयंत साहू ने बताया कि सरस्वती साइकल योजना अंतर्गत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकल प्रदान किया जाएगा।

**सड़क अतरिया।** नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने पर बुधवार को शासकीय एवं निजी विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। छात्रों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना ने भरदा गोड़, कुकुरमुड़ा सहित अन्य शाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश देने पर जोर दिया। इस मौके पर मिलाप जोशी, हीरामन जंघेल, संतोष जंघेल, चंद्रेश भारती, सुकदेव जंघेल, प्रधान पाठक ह्रदय जंघेल शिक्षक गंगा चौरे, दिलीप सिंह पुडेटी, पूर्व सरपंच चंपा जंघेल, प्रमिला जंघेल, अश्लेखा जंघेल, मोंगरा जंघेल, रेखा भारती मौजूद थी। प्राथमिक शाला बेलगांव में सरपंच शारदा गोरेलाल जंघेल के आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों का मुंह मीठा कराकर पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया।

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में प्रवेश उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों को पाठ्य पुस्तक वितरण कर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर सरपंच ललित जंघेल, धनेश साहू, रमेश कलार, चूड़ामणि, धनऊ साहू, दौलत पटेल, संतराम कुर्रे, नोडल अधिकारी जोशी मेडम, मधुसूदन देशलहरे, पूरनदास बंजारे, दिलेश्वर अचित, गैंदलाल जंघेल, पुष्पा सेन, हेमेश्वरी अचिंत आदि उपस्थित थे। इसी क्रम में दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर मोतीलाल जंघेल, राधेमोहन वैष्णव, अशोक जंघेल, ललित जैन, विष्णु जंघेल आदि उपस्थित थे। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भदेरा के तत्वावधान में प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों का मुहँ मीठा कराकर, गुलाल लगाया गया। पुस्तक एवं गणवेश का वितरण जनप्रतिनिधियों ने किया। न्योता भोज में अमर दास जंघेल, पदम जय माँ लक्ष्मी महिला समूह ने खीर, पूड़ी, पापड़, सलाद एवं मीठा खिलाया। इस दौरान जनपद सदस्य रमला प्रेमलाल साहू, मनहरण मसखरे, रोहित मसखरे, राजाराम सेन, धनीदास जंघेल, कुमुक जंघेल, ज्ञानदास वर्मा, प्रकाशदास मानिकपुरी, चंद्रकुमारी मानिकपुरी, गुलाबदास, परेटन जंघेल, नरोत्तम, पेमिन बाई, मंगली बाई, राजूदास मानिकपुरी, लोचन जंघेल, बाबूलाल सोरी, चिंता राम धुर्वे, रामकेश्वर सिंह उपस्थित थे।

उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला झुरानदी में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विजय वर्मा शामिल हुए। उन्होंने बच्चों के तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराया और पुस्तक, गणवेश वितरित किया। इस मौके पर आनंद सिन्हा, सरपंच पंचकुवर धुर्वे, चिंताराम, बिमला बाई, सकुन बाई, लता वर्मा, दामोदर वर्मा, गंगा कौशिक, गजेन्द्र देवांगन, रवि मानिकपुरी, सतीश वैष्णव आदि उपस्थित थे।

**सोमनी।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहायक प्रोग्राम कोर्डिनेटर प्रनिता शर्मा थी। अध्यक्षता सरपंच लता संतोष यादव ने की। विशेष अतिथि रमन सिंह राजपूत, योगेंद्र प्रताप सिंह, संकुल समन्वयक नरेश दुरकर, माध्यमिक शाला की प्रधानपाठक खुमेश्वरी शर्मा थी। उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य ने अपने विचार रखे। सहायक प्रोग्राम कोर्डिनेटर प्रनीता शर्मा ने कहा कि बच्चे नींव की तरह है, जिन्हे हम जैसा तैयार करेंगे वह वैसा ही बनेंगे। इस मौके पर सभी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया। उन्हें किताबें, गणवेश तथा साइकिल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गंगाधर गुरु ने किया।

ईरा में स्कूल खुलने पर बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया। गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य टेकूराम साहू, सरपंच किरण साहू, प्रधान पाठक लालकुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू, पूर्व सरपंच लोकनाथ ठाकुर, नुकेश्वर श्रीवास, विशाल निषाद, नंद कुमार साहू आदि शामिल हुए।

### नवप्रवेशी बच्चों का कराया मुंह मीठा

**गंडई पंडरिया।** नगर की कन्या शाला में पहले दिन नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा करवाकर शाला में प्रवेश कराया गया। इस दौरान पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला विकास समिति के नए अध्यक्ष रवि भवनानी का स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, प्राचार्य संध्या पत्रिकर, पार्षद क्रांति ताम्रकर एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत मे बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

**अर्जुनी।** माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला रामपुर में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कक्षा पहली और छठवीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मिठाई खिलाकर गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तके प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मनीष साहू ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। सरपंच ने बच्चों को नियमित स्कूल आने प्रेरित किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्ववेक्षक, स्कूल समिति अध्यक्ष गौरी रामटेके, रेखा साहू, नीरा ठाकुर, सरस्वती सिन्हा, पूजा दीक्षित, ज्योति यादव, शेखर मेश्राम, सीमा, अंजू, मिथिला, संतोषी, पार्वती, खिलेश्वरी, गोदावरी, तीजन सिन्हा, राधिका साहू, संगीता साहू, सावित्री, मथुरादिन, पिंकी, लक्ष्मी, विनोद साहू, ओमिन साहू, चन्द्रकला आदि शामिल हुए। संचालन एमडी वाल्दे तथा आभार प्रदर्शन डिम्पल साहू ने किया।

**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सिर्राभांठा के तत्वावधान में प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालक एवं ग्रामीण शामिल हुए। बच्चों का मुंह मीठा कराकर पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया।









# आत्मानंद स्कूल में हो रही जरूरतमंद गरीब बच्चों की उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गरीब बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा मुहैया कराने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पूर्ववर्ती सरकार ने शुरू किया था। सत्ता परिवर्तन के बाद स्कूल में नियम विरूद्ध पद पर बैठे अधिकारी अपने मुताबिक संस्था का संचालन करने लगे है। शासन से मिलने वाली राशि का फर्जी तरीके से आहरण करने के अलावा बच्चों के पालकों से फीस भी वसूल किया जा रहा है। इस शाला में अच्छे प्रतिशत वाले बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप गरीबों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वर्तमान में पदस्थ प्राचार्य की कार्यप्रणाली एवं मनमानी को लेकर शिकायत मिल रही है। बताया जाता है कि स्कूल की सफाई छात्र-छात्राओं से कराया जाता है वहीं बच्चों से फीस भी लिया जा रहा है जबकि सरकार ने फीस लेने का आदेश जारी नहीं किया है।

### ट्रायबल का शिक्षक शहर में

जानकारी के अनुसार ट्रायबल विभाग के शिक्षक को स्थानीय आत्मानंद स्कूल का प्रभार सौंप दिया गया है वहीं उसकी धर्मपत्नि को एलबी नगर में स्थानांतरित कर दिया गया है। उक्त शिक्षिका को स्थानीय आत्मानंद स्कूल का कर्मचारी रोजाना एलबी नगर छोड़ने और लाने जाता है।



### सुविधाओं का अभाव

जानकारी के अनुसार स्कूल में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इस स्कूल के लिए माइनिंग मद से 5 लाख स्वीकृत है, जिसका आहरण कर दुरूपयोग किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू करने के पहले पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत के लिए लाखों रूपए जारी किया गया। स्कूलों में रंगरोगन के अलावा खपरैल को हटाकर टीन शेड लगाया गया है। इन कार्यों में भी राशि का दुरूपयोग किया गया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में अध्यक्षों का मनोनयन

**गंडई पंडरिया।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रभारी मंत्री के अनुमोदन बाद हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष का मनोनयन किया है। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है जो तत्काल लागू हो गया है। आदेश के अनुसार स्वामी आत्मानंद स्कूल में संजय राजपूत को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में रवि भवनानी, हायर सेकेंडरी स्कूल धोधा में राजू जंघेल, बागुर में टोहर साहू, पेंडरवानी में प्रवीण साहू, कटंगी में सहदेव यादव, ठंडार में प्रभु जंघेल, सुखरी में रतन खांडेकर, हाई कूल ढाबा में बोधराज देवांगन, संडी में प्रकाश वर्मा अध्यक्ष होंगे।

### राजस्व कार्यालय में दलाल हावी

**डोंगरगढ़।** स्थानीय तहसील कार्यालय इन दिनों बेजा वसूली के लिए सुर्खियों में बना हुआ है। आरआई, पटवारी, की सांठगांठ से शासकीय भूमि पर कब्जा करने के बाद अवैध प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है। जमीन के सीमांकन में गड़बड़ी किए जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अमला पर अवैध कब्जा और अवैध उत्खनन कराने का आरोप भी लग रहा है। तहसील कार्यालय में दलाल सक्रिय नजर आते है जो लोगों से बेजा वसूली कर अवैध कटाई, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण आदि के मामलों का निराकरण करवाते हैं। नक्शा, खसरा से लेकर जमीन के सीमांकन, मूल्यांकन आदि कार्य के लिए अलग-अलग रेट तय कर दिया गया है।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक

**खैरागढ़।** कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक मे कोटपा अधिनियम सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के साथ ही स्कूली बच्चों को इसके सेवन के विरूद्ध शपथ दिलाने, ग्राम सभा में ग्रामीणों को तंबाकू सेवन से बचने जागरूक करने निर्देश दिया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनम फातिमा ने कोटपा अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले समस्त शैक्षणिक संस्थानो से 100 गज की सीमा में तम्बाकू पदार्थ विक्रय करना प्रतिबंधित है। सार्वजनिक स्थलों, सभी शासकीय कार्यालयों में धूम्रपान करना या तम्बाकू सेवन करना प्रतिबंधित है। उल्लंघन करते पाए जाने पर दो सौ रुपए का जुर्माना देय होगा। बैठक मे तंबाकू नियंत्रण की दिशा मे ठोस कदम उठाने श्रम, बाल संरक्षण, खाद्य, नगर पालिका, जनपद पंचायत, पुलिस विभाग के बीच आपसी समन्वय पर भी चर्चा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सीएचएमओ डॉ गणेश दास वैष्णव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सोनल ध्रुव, जनपद सीईओ शिशिर मिश्रा, डीईओ लालजी द्विवेदी, सीएमओ प्रमोद शुक्ला, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, रमेंद्र डड़सेना सहित अन्य उपस्थित थे।

### न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**ठेलकाडीह।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को कलेक्टर के निर्देशन एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी टीपी साहू के मार्गदर्शन में नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री साहू, तहसीलदार पीएस चौहान, अधिवक्ता मिहिर झा, थाना प्रभारी अम्बरीश शर्मा, प्रभारी प्राचार्य सीएस राठौर, सरपंच आनंद बंजारे, उपसरपंच उमेन्द्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक व्हीके मसियारे आदि शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आगामी 1 जुलाई से नवीन न्याय संहिता लागू होने जा रही है जिसे लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम, तहसीलदार, अधिवक्ता, थाना प्रभारी एवं प्राध्यापकों ने नवीन भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को दी।

### ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# स्कूल का नाम बदला, विरोध में समाज ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ठेलकाडीह के सरकारी स्कूल से गुरु घासीदास बाबा का नाम गायब करने के मामले मे प्राचार्य पर षड़यंत्र का आरोप लगोत हुए सतनामी समाज ने कलेक्टर व डीईओ को ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शासकीय उमा विद्यालय ठेलकाडीह प्राचार्य डीके साहू पर जातीय दुर्भावना व षड़यंत्र का आरोप लगाते हुए सौंपे ज्ञापन में समाज प्रतिनिधियों ने बताया कि लगभग पंद्रह साल पहले स्कूल का नाम गुरु घासीदास बाबा के नाम पर करने के बाद सभी सरकारी अभिलेखों मे यही लिखा जाता रहा है। पूर्व प्राचार्य वायडी साहू भी यही करते थे, लेकिन वर्तमान प्राचार्य डीके साहू नियम कानून से परे जाकर संस्था के नाम पर दो रबर स्टांप सील का उपयोग कर रहे है।

गुरु घासीदास शाउमा शाला के साथ सामान्य सील का उपयोग कर रहे है जिसमे बाबा घासीदास का नाम नही लिखा है। रंगाई पुताई के काम दौरान भी मुख्य द्वार पर अंकित नाम को मिटा दिया गया जो अभी तक दुबारा नही लिखा गया है। समाज के लोगों ने बताया कि शिक्षा विभाग भी अब तक इस मामले मे कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। एक संस्था का दो नाम अलग-अलग नाम से रबर स्टांप का प्रयोग करने वाला प्राचार्य शासन के आदेश की अवहेलना कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने मे आमादा है और विभाग जानबूझकर मूकदर्शक बना हुआ है।



#### विरोध बाद लिखाया नाम

समाज के विरोध की जानकारी मिलने के बाद हरकत में आए शाला प्रबंधन ने तत्काल मुख्य द्वार पर गुरु घासीदास बाबा के नाम को नए सिरे से रंग रोगन कर दुबारा लिखाया हैं। पता चला है कि मामले में अधिकारियों की उपस्थिति में समाज प्रमुखों साथ बैठक में प्राचार्य डीके साहू ने समाज को आश्वस्त किया है कि इस प्रकार की घटना की दुबारा पूनरावृत्ति नही होगी।

#### अनुदान राशि में लगाया गड़बड़ी का आरोप

गुरु घासीदास स्कूल को शासन द्वारा भेजी जाने वाली राशि और उसके खर्च के जांच की मांग करते हुए जिला सतनामी समाज प्रतिनिधियों ने कहा कि शाला प्रबंधन द्वारा अनुदान मे मिली राशि कहा कहा खर्च की गई, क्या खरीदा गया, ऑडिट में क्या मिला है इसकी जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ठेलकाडीह सहित आस-पास के गांवों में बाबा घासीदास को मामने वाला समाज बहुतायत में बसा हुआ है, लेकिन प्राचार्य के उक्त कृत्य से सतनामी समाज में आक्रोश बढ़ गया है। समाज के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने की बात साथ ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके समाज के छात्र-छात्राओं से अप्रत्यक्ष रूप से प्राचार्य द्वारा अपमानजनक व्यवहार किया जाता है। प्लेसमेंट शिक्षक धनेन्द्र टोडर की फर्जी शिकायत कर स्थानांतरण करवाने के बाद अपने रिश्तेदार सतीश साहू को ठेलकाडीह लाने में सफल रहे है। जिला सतनामी समाज ने डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू से अविलंब प्राचार्य डीके साहू पर सख्त कारवाई करने व अनुदान राशि के बंदरबांट की जांच का आग्रह करते हुए कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर सतनामी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान समाज के जिला अध्यक्ष खुमान देशलहरे, भोज बंजारे, समलिया खरे, किशन राम, गुलाब चंदेल, ज्ञान दास बंजारे, भीम रेजीमेंट के जिला अध्यक्ष उमेश कोठले, गोपी टंडन, भीम सिंह टंडन, दीपक देशलहरे, तिरीथ कुर्रे, संतराम बंजारे, गरीबा खुटेल, रुपदास खरे, कृष्णा बंजारे, अनिल बांगड़े, रेवल टंडन, श्रीराम कुर्रे, बलराम जांगड़े सहित अन्य मौजूद थे।

# नवीन कानून के संबंध में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय न्याय व्यवस्था अंतर्गत देश में एक जुलाई 24 से प्रभावशील हो रहे तीन नवीन कानूनों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने नवीन कानून के प्रावधानों और उसके उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया की भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नाम से लाए गए ये नए कानून क्रमशः इंडियन पीनल कोड 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 का स्थान लेंगे।

उक्त तीनों नवीन कानून एक जुलाई से अधिनियमित होंगे। इलेक्ट्रॉनिक सामान, सामुदायिक सेवा, ई-एफआईआर, मॉब लिंचिंग, न्याय दल, वीडियोग्राफी द्वारा साक्ष्य जैसे नवीन स्वरूपों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इन तीनों नए कानूनों का भलि-भाति ज्ञान होना चाहिए ताकि वो आम जनता को इसकी समुचित जानकारी प्रदान कर सके। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, कार्यपालन अभियंता बिजली छगन शर्मा, डीईओ लालजी द्विवेदी, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उप संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, सीएचएमओ गणेश दास वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

#### विस्तार से दी जानकारी

इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने तीनों नए कानूनों के प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की नए कानून का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित व कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा व न्याय, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान, उचित नियंत्रण व संतुलन साथ पुलिस का सामंजस्यपूर्ण सशक्तिकरण और समयबद्ध प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के साथ ही मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है।

### क्वार्टर आबंटित फिर भी बाहर से आना-जाना

**डोंगरगढ़।** अधिकारियों के निवास के लिए करोड़ों की लागत से करबला चौक अछोली में 100 क्वाटर बनाया है। अधिकारी-कर्मचारियों को उक्त क्वाटर आबंटित किये जा चुके है इसके बाद भी आधे से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय में रहने के बजाय बाहर से आना-जाना कर रहे है। लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के लिए लाखों की लागत से बना मकान दो साल से बंद है। तहसीलदार, इंजीनियर के क्वाटर सहित आधा दर्जन से ज्यादा क्वाटर देखरेख के अभाव में जर्जर हो गए है। शासकीय भवनों के खस्ता हाल होने के कारण कर्मियों को मजबूरन 8 से 10 हजार मासिक किराये के मकान में निवास करना पड़ रहा है।

### भोलापुर में पालक चौपाल का आयोजन



**छुरिया।** भोलापुर के आंगनबाड़ी केंद्र में परियोजना अधिकारी श्रीमती मरकाम के निर्देशन एवं सुपरवाइजर जमुना साहू के मार्गदर्शन में पालक चौपाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शिशुपाल साहू एवं टीकम प्रसाद पांडे ने कम वजन वाले बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए निरंतर चावल, दूध, पनीर, हरी सब्जी, दाल खिलाने की जानकारी दी। इस दौरान दीपिका पांडे, शारदा नेताम, अरुण चौरे, पार्वती चौरे, मीनाबाई साहू, आंतिबाई साहू, सतीबाई देवांगन, अन्नु पांडे, निर्मला साहू, वीणा साहू, टकेश्वरी साहू ,पिंकी साहू आदि उपस्थित थी।

# राज्य के शिक्षकों ने जाना चिचदो स्कूल का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्राथमिक शाला चिचदों में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत 4 वर्षों से खेल खेल में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। वहीं स्मार्ट माताओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। गांव की बहुत सी महिलाएं बच्चों को आसपास उपलब्ध वस्तुओं के माध्यम से भाषाई कौशल, गणितीय ज्ञान और बुनियादी शिक्षा दे रही हैं। इस अभियान को बेहतर बनाने तथा अनुभव साझा करने के लिए गत दिनों राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में प्राथमिक शाला चिचदों की गतिविधि, स्मार्ट माताओं की उपलब्धि, बच्चों के विकास के संबन्ध में शिक्षिका कोनिका सोनी ने बताया। उन्होंने बताया कि अंगना म शिक्षा के तहत माताओं को जोड़ने बच्चों के विकास में मदद मिली है। महिलाओं को जोड़ने पर बड़ी उपलब्धि यह रही कि जो बच्चे प्रायवेट या अन्य स्कूलों में जाना चाह रहे थे वह ग्राम के स्कूल में पढ़ाई करने तैयार हुए। बच्चे अब वेल अप टू डेट होकर स्कूल पहुंचते है। दर्ज संख्या के अनुसार बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहती है।

#### राज्य के शिक्षक हुए शामिल

इस वेबीनार में सभी जिलों से 11 हजार शिक्षक, शिक्षिकाएं जुड़कर 2 जुलाई को पढ़ई तिहार मनाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान रायपुर संभाग से रीता मंडल, प्रीति शांडिल्य, बिलासपुर से सीमा मिश्रा, सावित्री सेन, सरगुजा संभाग से प्रमिला कुशवाहा, अनिता तिवारी, बस्तर से आशा कुरैशी, राधा धृतलहरे तथा दुर्ग संभाग से नंदिनी देशमुख एवं कमला सिन्हा ने हिस्सा लिया।

### रेत मामले पर भड़के कांग्रेसी, किया प्रदर्शन और नारेबाजी

**डोंगरगढ़।** मुड़पार के रेत मामले को लेकर कांग्रेसियों ने तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी किया।

प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार मुकेश ठाकुर को सौंपा। रेत मामले में जांच टीम ने सप्लायरों से सवा छह लाख का जुर्माना तो लिया किन्तु कार्यवाही नहीं करने पर कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के दबाव में रफादफा करने का आरोप लगाया है। लोगों के बीच आमचर्चा है कि सरकार के दबाव में अधिकारी सहित अन्य को बचाया जा रहा है। कांग्रेस के प्रदर्शन बाद दूसरे दिन सोशल मीडिया में यह मामला छाया रहा है।

मीडिया में अधिकारियों के कार्यवाही नही होने को लेकर लोग अपनी राय व्यक्त करते रहे। लोगों ने जांच दल की मंशा पर भी सवाल उठाया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में न्यास निधि प्रबंधकारिणी समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर व प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई।

अपर कलेक्टर व डीएमएफ प्रभारी प्रेमकुमार पटेल ने डीएमएफ के व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। वित्तीय वर्ष 22-23 और 23-24 के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बाद अपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया वही किसी कारणवश अभी तक अप्रारंभ कार्यों को निरस्त करने आदेशित किया गया। साथ ही सत्र 24-25 के प्रस्तुत कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उप संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी गणेश दास वैष्णव सहित संबंधित सदस्य उपस्थित थे।

### जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**खैरागढ़।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन को देखते हुए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। महिला व बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के रिक्त पदों की जानकारी लेकर भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने कहा वही सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा की ग्रामीण स्तर के कार्यों का ग्राम सभा से अनुमोदन करा ले। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा की राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी नवम्बर-दिसम्बर में नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के मद्देनजर सभी नगरीय निकायों में वार्डों के नए सिरे से परिसीमन किया जाना है, इसके लिए परिसीमन प्रक्रिया का समय सीमा में पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इसी प्रकार उन्होंने कृषि विभाग से जिले में खाद और बीज की उपलब्धता, विभिन्न शासकीय कार्यालयों में अग्निशमन यंत्र लगाए जाने स्टीमेट तैयार करने, जिले में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, कार्यपालन अभियंता बिजली छगन शर्मा, डीईओ लालजी द्विवेदी, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उप संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी गणेश दास वैष्णव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# लखपति दीदी पहल अंतर्गत समन्वय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लखपति दीदी पहल अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति डीएलसीसी की पहली बैठक कलेक्टोरेट में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एनआरएलएम योजना के डीपीएम उमेश तिवारी ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायतता समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनके परिवार की सालाना आय एक लाख रूपए से अधिक पहुंचाना है।

योजना अंतर्गत लखपति दीदी के लिए चिन्हांकित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभागीय योजनाओं कृषि, उद्यानिकी, मतस्य पालन, पशुपालन, महिला व बाल विकास विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित कर उनकी आय में वृद्धि किया जाना है। साथ ही मांग अनुसार बैंक से लोन, मुद्रालोन व संकुल संगठन के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें लाभान्वित करना है।

उन्होंने बताया की योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 25-26 तक जिले में 12 हजार 211 लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 6 हजार 492 लखपति दीदी बन चुकी है शेष 5 हजार 619 स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपति महिला बनाया जाना है।

#### किया जाएगा आय गणना का सर्वे

योजना के माध्यम से प्रत्येक तीन माह में सक्रिय महिलाओं द्वारा चिन्हांकित लखपति दीदी की आय गणना सर्वे किया जाएगा एवं कार्ययोजना तैयार कर उन्हे आवश्यकता और मांग अनुरूप विभागीय वित्तीय सहयोग किया जाएगा। बैठक में उत्कृष्ट आजीविका गतिविधि कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाओं के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने लखपति दीदीयो की आजीविका बढ़ाने कार्ययोजना तैयार करने कहा। बैठक में समन्वय समिति सदस्य अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, पशुपालन अधिकारी राजीव शर्मा, उद्यानिकी अधिकारी रविन्द्र मेहरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बढ़ईटोला स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

# गणवेश पाकर बच्चों के चेहरे खिले




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ईटोला में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुरली वर्मा के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। संकुल प्राचार्य चंद्रभान साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया। मां सरस्वती के पूजन बाद शाला सहायक संचालक डॉ रश्मि खरे और कार्यक्रम नोडल जीवन लाल चंद्रवंशी की उपस्थिति में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पाठ्य पुस्तक प्रदान कर स्वागत किया गया। इस दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष विश्राम सिंह वर्मा, सरपंच संतोषी साहू ,उप सरपंच महेंद्र सिंह धुर्वे, ज्ञानदास साहू, सुरित राम वर्मा, धर्मपाल यादव, रामेश्वरी मंडावी, पिरोजन वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रवेश लेने वाले नए प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तक दिया वहीं तिलक और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। विद्यालय में प्रवेश, नई पुस्तक, न्योता भोज और गणवेश पाकर विद्यार्थियों में हर्ष व्याप्त था। इस अवसर संकुल समन्वयक निखिल सिंह, तीनों विद्यालय के प्रमुख व शिक्षक शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि और पालक उपस्थित थे।

#### उपलब्धियों के लिए दी बधाई

जनपद उपाध्यक्ष मुरली वर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा और शिक्षक का महत्व बताते हुए ज्ञानार्जन कर गांव विद्यालय और देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। सहायक संचालक रश्मि खरे ने शाला परिवार को नवीन शिक्षा सत्र के लिए शुभकामना दी और बेहतर शैक्षिक परिणाम के लिए अच्छी तैयारी करने कहा वहीं सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका विभा पाटकर द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार सहित शिक्षा क्षेत्र में संपादित गतिविधियों की सराहना करते उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

# राम लला का दर्शन करने 30 श्रद्धालु अयोध्या रवाना, दिखाई हरी झंडी

**खैरागढ़।** अयोध्या में रामलला का दर्शन करने 30 रामभक्त श्रद्धालुओं के जत्थे को जनप्रतिनिधियों ने रवाना किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद मंगलमय यात्रा की कामना दी। वहीं श्रद्धालुओं ने योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में श्रीराम के दर्शन कराने श्रीरामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। योजना तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या जाने, वहां रहने, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की व्यवस्था है। ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहता है। इस अवसर पर जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद पंचायत सीईओ शिशिर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और श्रद्धालु मौजूद थे।



# बालिका वर्ग में नांदगांव ने कबीरधाम को 4-0 से हराया



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता में आज बालिका वर्ग में खेले गए पहले मैच में मेजबान हॉकी टीम राजनांदगांव ने हॉकी कबीरधाम को 4-0 गोल से हराकर जीत दर्ज की। दूसरे मैच में सांई राजनांदगांव ने हॉकी दुर्ग को 9-1 से पराजित किया। वहीं बालक वर्ग में हॉकी राजनांदगांव ने हॉकी जांजगीर चांपा को 6-0 से, हॉकी धमतरी ने हॉकी दुर्ग को 3-2 से, हॉकी जशपुर ने कबीरधाम को 4-1 से एवं स्पोटर्स हॉकी अकादमी ने हॉकी रायगढ को 4-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज मैच के दौरान फिरोज अंसारी, भूषण साव, आशा थॉमस, शिवनारायाण धकेता, नीलंमचंद जैन, ए. एक्का, रणविजय प्रताप सिंह, अशोक नागवंशी, शिवा चौबे, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, योगेश द्विवेदी, विष्णु सिन्हा, आशीष सिन्हा व खुशाल यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित छग हॉकी जूनियर बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह खेले गए बालिका वर्ग के प्रथम मैच में मेजबान हॉकी टीम राजनांदगांव ने हॉकी कबीरधाम को 4-0 गोल से पराजित किया। दूसरे मैच में सांई राजनांदगांव ने हॉकी दुर्ग को 9-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

अपरान्ह में खेले गए बालक वर्ग में दूसरे दिन के पहले मैच में मेजबान हॉकी टीम राजनांदगांव ने हॉकी जांजगीर-चांपा को 6-0 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना जगह सुनिश्चित किया। दूसरे मैच में हॉकी दुर्ग और हॉकी धमतरी के मध्य खेला गया। मैच के अंतिम समय में हॉकी धमतरी ने अपने प्रतिद्वंदी पर जोर देते सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। तीसरा मैच जशपुर विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य खेला गया। जिसमें जशपुर ने कबीरधाम को 4-1 से पराजित करते सेमीफाइनल में स्थान बनाया। चौथे और अंतिम मैच में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने हॉकी रायगढ़ को 4-2 गोल पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### आज खेले जाएंगे 4 सेफा

आज 4 सेमीफाईनल मैच खेले जाएंगे। जिसमें बालिका वर्ग में हॉकी बिलासपुर विरूद्ध सांई राजनांदगांव सुबह 7.30 बजे व हॉकी रायगढ़ विरूद्ध हॉकी राजनांदगांव सुबह 9 बजे खेला जाएगा। साथ ही बालक वर्ग में हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी जशपुर दोपहर 3 बजे एवं हॉकी धमतरी विरूद्ध हॉकी स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर शाम 4.30 बजे होगा।

## मुरमुंदा स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव



**मुरमुंदा।** शा.उ.मा.विद्यालय मुरमुंदा डोंगरगढ़ में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को तिलक लगाकर नवप्रवेशित बच्चों का मुंह मीठा कर पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य नंदा मेश्राम, अजित साखरे, विनित, कल्पना गणवीर, ज्योति मेश्राम, पूनम टेम्भूरकर, मेधा पुराणिक, सुनीता चंद्राकर, गीतांजली, राधिका, परिणीता सिंह, वंदना मुदलियार शामिल थे।

## जिलेभर से 91 तीर्थयात्री हुए रवाना

# अयोध्या और काशी के लिए तीर्थयात्री रवाना, स्टेशन में गूंजा जय श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम योजना चालू की गई है। जिसके तहत बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस तीर्थयात्रा का लाभ लेने राजनांदगांव जिलेभर से 91 तीर्थयात्री आज सुबह रवाना हुए। दुर्ग से यात्री स्पेशल ट्रेन से अयोध्या और काशी के लिए रवाना हुए। यात्रियों ने स्टेशन में जय श्रीराम नारों के बीच यहां से रवानगी ली।

अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत आज सुबह राजनांदगांव शहर के कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग परिसर से 91 तीर्थयात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना किए गए। दो बसों के माध्यम से इन तीर्थयात्रियों को दुर्ग तक भेजा गया। यहां से वे स्पेशल ट्रेन के जरिये अयोध्या धाम की यात्रा के लिए रवाना होंगे। तीन दिवसीय इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रा पर जा रहे वृद्ध तीर्थयात्रियों ने प्रदेश सरकार का आभार जताया। तीर्थ पर जा रहे ग्राम डुसेरा के तीर्थयात्री खोरबाहरा दास साहू और देवारू पटेल ने कहा कि हमने स्वप्न में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या धाम में भगवान राम के दर्शन करने का मौका मिलेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की इस योजना के लिए आभार व्यक्त किया।



### दुर्ग से ट्रेन के जरिये रवाना

राजनांदगांव जिले के अलग-अलग क्षेत्र से पहुंचे 91 तीर्थयात्रियों को इस तीर्थयात्रा के दौरान ठहरने खाने-पीने की व्यवस्था निःशुल्क दी जाएगी। वहीं उन्हें घर से लाने और दुर्ग रेलवे स्टेशन तक ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई थी। कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग परिसर से तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह नजर आया। बस में बैठे महिला-पुरूष तीर्थयात्री जय श्रीराम का नारा लगाते अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।

### यात्रियों को मिलेगी कई सुविधाएं

भगवान श्रीराम लला के दर्शन को लेकर शुरू की गई इस अयोध्या धाम योजना की जानकारी देते पंचायत विभाग के उपसंचालक एवं अयोध्या धाम योजना के नोडल अधिकारी देवेंद्र कौशिक ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के तहत जिले के सभी ब्लॉक और नगरीय क्षेत्र से 91 तीर्थयात्री आज रवाना हो रहे हैं, जिन्हें दुर्ग से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तीर्थयात्रा के दौरान विभाग के दो कर्मचारी देखरेख के लिए लगाए गए हैं।

## फैक्ट्री का मशीन चोरी आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** फैक्ट्री से बाट मशीन चोरी होने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 जून को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कुतुलबोड़ भांटागांव में प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले 3 कर्मचारी द्वारा फैक्ट्री से बाट मशीन कीमती 70000 रुपए को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गए बाट मशीन को ममता नगर रोड रफीक कबाड़ी दुकान में बेचना बताया। मशीन को कबाड़ी दुकान से बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महेन्द्र कुमार तारम 27 वर्ष निवासी कुतुलबोड़, ईश्वरी ठाकुर 44 वर्ष निवासी चेंदीबन नवांगांव, मोहम्मद रफी उर्फ मो. रफीक खान 44 वर्ष निवासी शंकरपुर स्टेशनपारा द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आज विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# लालबाग थाना प्रभारी को हटाने की मांग

- भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजयुमो के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर के नेतृत्व में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर लालबाग थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग की है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने इस संबंध में आरोप लगाते कहा कि थाना लालबाग प्रभारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं। वे क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनने, आपात स्थिति में उन तक पहुंचने और सहायता मुहैया कराने जैसे विषयों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। थाना क्षेत्र की जनता में उनके प्रति आक्रोश पनप रहा है, जो कि लॉ एंड ऑर्डर के लिए उचित नहीं है।



### फोन भी रहता है बंद

भाजयुमो ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वर्तमान थाना लालबाग प्रभारी की कार्यशैली क्षेत्र की जनता के लिए मुश्किल पैदा कर रही है। वे लोगों से न ही मिलते हैं और न ही फोन पर उपलब्ध होते हैं। गंभीर यह है कि वे पुलिस प्रशासन द्वारा मुहैया कराए गए शासकीय फोन नंबर को भी बंद रखते हैं। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, महामंत्रीद्वय आशीष जैन, प्रह्लाद सिन्हा, नितेश नायक, सुवितेश श्रीवास्तव, रोहित सिन्हा, सौरभ सिंह राजपूत, आशीष सोरी सहित अन्य मौजूद थे।

# बकरा चोरी का आरोपी गिरफ्तार

- बकरा एवं वाहन बरामद

**राजनांदगांव।** बकरा चोरी कर ले जाने के मामले की रिपोर्ट पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 मई को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रोज की तरह खेत में बकरा चराने गया था। इस दौरान दोपहर में 3-4 अज्ञात व्यक्ति तीन पहिया वाहन में आकर एक नग बकरा व एक नग बकरी को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार आरोपियों का पता तलाश किया गया। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली



व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर ग्राम पेंड्री निवासी शिवाराम साहू उर्फ शिवा 23 वर्ष निवासी वार्ड नं. 20 आबादीपारा पेंड्री को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गए 2 नग बकरा-बकरी व तीन पहिया ऑटो को पेश करने पर विधिवत जब्त कर कार्रवाई की गई। । आरोपी शिवाराम साहू द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर 26 जून को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# स्कूलों में जगह-जगह मना प्रवेश उत्सव, बच्चों में उत्साह



### एनबीआईएस बोरी

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्ति पश्चात शाला में पुनः आगमन पर बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक सभी बच्चों में एक नया जोश देखने को मिला। शाला परिवार में सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। एनबीआईएस न केवल शिक्षा अपितु संस्कार के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में एनबीआईएस में उच्चतर कक्षाओं के लिए विशेष विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, ताकि बच्चों को शाला में निःशुल्क नीट, जेईई तथा सीए फाउंडेशन कोर्सेस की तैयारी करायी जा सके।

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है कि इन कक्षाओं से बच्चे निश्चित ही लाभान्वित होंगे तथा बच्चों को अपने कैरियर के लिए सही निर्णय लेने में एक मार्गदर्शन मिलेगा। इसी तरह शाला के कक्षा 8वीं के छात्र रुद्रांश जैन का सम्मान किया गया। रुद्रांश जैन 11 जून को नॉर्थ गोवा में आयोजित ड्रीम स्टूडियो वेंचर द्वारा डीएसवी राष्ट्रीय जूनियर मिस्टर इंडिया तथा अंतर्राष्ट्रीय ब्यूटी वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तीन दिनों तक आयोजित इस प्रतियोगिता में टैलेंट राउंड, इंट्रोडक्शन, फोटोशूट राउंड जीतकर रुद्रांश ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल में दो राउंड आयोजित हुए। जिसमें बिच वियर विथ इंट्रोडक्शन एंड टक्सिडो सूट के साथ रैम्प वॉक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में दोनों राउंड जीतकर रुद्रांश ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया। शाला परिवार के लिए अत्यंत ही हर्ष का विषय है। बचपन से ही रुद्रांश डांस, नाटक तथा कला के प्रति समर्पित छात्र रहा है। अनेक प्रतियोगिताओं में रुद्रांश ने कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। कम उम्र में रुद्रांश की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर उर्मिला दीक्षित, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### सेजेस में मनाया शाला प्रवेश उत्सव



सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (सेजेस) में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं विशिष्ट अतिथियों में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा, पूर्व सरपंच राजेंद्र जैन (बंटू), शिक्षा विभाग के अधिकारीगण रश्मि सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता वीरेंद्र दुबे एवं एबीइओ नितिन हिरवानी शामिल थे। इसके अलावा सेजेस स्कूल व्याख्याता आकाश त्रिपाठी सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को तिलक लगाकर शाला में उनका स्वागत किया गया। अतिथियों ने शाला के टॉपर्स बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल वितरित किया। इसके अलावा सेजेस शाला से बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में जगह बनाने वाले 3 छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### ठा. प्यारेलाल स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार से प्रारंभ नया शिक्षा सत्र 2024-25 का शाला प्रवेश उत्सव ठाकुर प्यारेलाल सिंह पूर्व माध्य. शाला में जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, डीपीसी सतीश ब्यौहारे, शंकर देवांगन, गायत्री सिंह, रेखा मानिकपुरी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के बालक-बालिकाओं को जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्यौंहारे एवं अन्य पालकगणों ने बालक-बालिकाओं को तिलक लगाकर शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क शाला गणवेश एवं पाठ्यपुस्कों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि वे अनुशासन के साथ ही अच्छे से पढ़ाई करें, नियमित दिए जाने वाले गृह कार्य को भी अवश्य करें, अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। इस दौरान बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ ही मिष्ठान का भी वितरण किया गया। इस दौरान रामनारायण सिंह बघेल, गणेश प्रसाद शर्मा, अनिता भोर एवं अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### भेड़ीकला में मनाया प्रवेश उत्सव

शा.उ.मा. शाला व शा.पूर्व मा.शाला एवं शा. प्राथमिक शाला भेड़ीकला के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें बच्चों को पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। कक्षा 9वीं के छात्राओं को साइकिल वितरण एवं पिछले सत्र में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार



भेंट की गई। इस अवसर पर सरपंच कृष्णा साहू, जनपद सदस्य ललिता साहू, उपसरपंच अजीतराम देवांगन, वेदराम साहू, प्रवीण देवांगन, ईश्वर साहू, अशोक सेन, चैतन्य देवांगन, लता साहू, पोषण दास साहू एवं हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य एफआर वर्मा, प्रधान पाठक नवीन महोबिया, प्रधान पाठक रोशन साहू सहित शिक्षकगण उपस्थित थे। सरपंच कृष्णा साहू ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई कर गांव एवं स्कूल का नाम रौशन करने प्रेरित किया। नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

### गायत्री विद्या मंदिर

गायत्री विद्या मंदिर हिन्दी माध्यम कंचनबाग में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम दैनिक प्रार्थना पश्चात बच्चों के स्वागत में गीत गाए गए। अक्षत पुष्प एवं तिलक वंदन कर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यालय अनुशासन से संबंधित 10 बिन्दुओं की शपथ बच्चों को दिलाई गई। वरिष्ठ शिक्षिका रमा तिवारी द्वारा अनुशासन पर कविता पाठ की गई। प्राचार्य एवं उपप्राचार्य व शिक्षकों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया



गया। प्राचार्य सीमा श्रीवास्तव द्वारा अनुशासन का महत्व समझाते निष्ठा एवं लगन से पढ़ाई में जुट जाने की सलाह दी गई। उनके द्वारा शिक्षकों, माता-पिता एवं बड़ों का सम्मान करने की प्रेरणा दी गई। उपप्राचार्य तामेश्वरी साहू द्वारा जीवन में अनुशासन एवं कड़ी मेहनत का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में बृजकिशोर सुरजन, गगन लड्ढा, सूर्यकांत समेत अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### दीवानभेड़ी में मना प्रवेशोत्सव

माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी में सरपंच सुमित्रा लीलम के आतिथ्य व संकुल प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना शशिकला कठोलिया द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रधानपाठक बीएल यादव द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाकर प्रवेश दिया गया। प्राचार्य ने बच्चों को अनुशासन में रहते खूब पढ़ाई करते अपने माता-पिता, शिक्षकों व समाज का नाम रौशन करने की बात कही। इस अवसर पर लीलम गोस्वामी, रूपदास साहू, गरीबा साहू, टीकम, रामबिलास साहू, हुकुम साहू, नरेंद्र पटेल, गणेश निषाद, उर्मिला पटेल, दनेश्वरी, मालती साहू, कमला पटेल, गुप्ता, हेमा पटेल समेत शिक्षक चित्ररेखा वैष्णव, शशिकला कठोलिया, विष्णु शर्मा, मनोज गंगबेर,



सुदामा साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विष्णु शर्मा ने किया।

### करमतरा में बच्चों का स्वागत



स्कूलों में घंटी की आवाज अब सुनाई देने लगी है। बच्चों की किलकारियां गूंजने लगी है। शाला त्याग की दर शून्य कर ज्ञान का दीप जलाने महाभियान की शुरूआत हो चुकी है। नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरूआत के प्रथम दिन बुधवार को करमतरा संकुल के प्राचार्य राजेश शर्मा ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया, मिठाइयां खिलाई और सरकारी प्रदाय पाठ्य पुस्तक के साथ ही गणवेश वितरित किया। अपने पालकों के साथ बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचे नन्हें-मुन्नों के चेहरे प्रफुल्लित नजर आ रहे थे। उनकी खुशियों में चार चांद, तब लग गया जब उन्हें पुस्तकें, ड्रेस और खाने को मिठाइयां मिली। संकुल समन्वयक पुष्पेंद्र साहू ने बताया कि शिक्षा सत्र के शुरूआत के साथ ही आज संकुल क्षेत्र के ग्राम करमतरा, नवागांव, भोथली, संबलपुर, कुटुलबोड भाठागांव स्थित प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों में गौरवशाली प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें पलकों, विद्यार्थियों व गुरुजनों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि करमतरा प्राथमिक व मिडिल स्कूल में प्रवेश उत्सव संयुक्त रूप से मनाया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के समिति अध्यक्ष वेदनाथ साहू, ग्राम सेवक राजेश हेडऊ, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक बलेश्वर दास साहू, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक नीतूबाला सोनवानी, शिक्षक विनोद साहू, अरविंद नायक, संजीव उमरिया, किरण साहू, प्रेमसिंह पिस्दा सहित पालकगण उपस्थित थे।

# नाबालिग बच्चों को पुलिस ने 72 घंटों में खोज निकाला

## परिजनों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव से गुम हुए तीन नाबालिग बच्चों को पुलिस ने पतासाजी कर इंदिरा मार्केट दुर्ग से खोज निकाला, जिन्हे उनके परिजनों को सौंपा गया है। बच्चों के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 जून को डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से खेलते हुए गुम हुए बच्चों की प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर गुमशुदा एवं अपहरण का अपराध दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते पुलिस टीम गठित कर बच्चों के पतातलाश में लग गई। पतासाजी की सूचना मिला कि 3 नाबालिग बच्चे इंदिरा मार्केट दुर्ग में घूम रहे हैं, कि सूचना पर थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते संबंधित गुमशुदा नाबालिगों के परिजनों को साथ लेकर सूचना तस्दीक हेतु रवाना हुए। मौके पर तीनों बालक सुरक्षित मिले, जिन्हें साथ लेकर थाना डोंगरगांव आकर पूछताछ किया। तीनों बालकों ने अपने कथन में अपने मर्जी से मैत्री गार्डन में घूमने के लिए जाना बताया एवं अपने साथ किसी प्रकार से कोई अप्रिय घटना का घटित नहीं होना बताने पर तीनों बच्चों का दस्तयाबी पंचनामा तैयार कर परिजनों को सुपुर्दनामा पर दिया गया है। परिजनों के द्वारा पुलिस के कार्यों की सराहना किया गया है।

## निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने दिया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं को लेखा टीम को सही एवं त्रुटि रहित निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने कहा। परिणाम घोषणा होने के 30 दिवस के भीतर निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल किया जाना अनिवार्य है।



**प्रवेशोत्सव : ग्राम बिरकोना व गोपाल-भावना में स्कूली छात्र छात्राओं को तिलक व मिठाई खिलाकर कराया शाला प्रवेश**

# बच्चे अपने नए शैक्षणिक सफर की शुरूआत उत्साह, उमंग व खुशी के साथ करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन जिले के ग्राम बिरकोना और गोपाल-भावना के शासकीय प्राथमिक शाला में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बुधवार को नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को गणवेश, निःशुल्क पुस्तकें वितरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व प्राचार्यों तथा अभिभावकों को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ और शाला प्रवेशोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से सहज भाव से बात-चीत कि जिससे बच्चे काफी उत्साहित व प्रोत्साहित महसूस कर रहें है। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई-खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के बारे में पूछा और उन्हें अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कक्षा पहली में प्रवेश करना बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। बच्चे अपने नए शैक्षणिक सफर की शुरूआत उत्साह और खुशी के साथ करें।

उन्होंने बच्चों को बताया कि स्कूल में बहुत कुछ सीखने मिलेगा और यह उनकी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमेशा जिज्ञासू बने, शिक्षकों से सवाल करें और अपने पढ़ाई का आनंद ले। उन्होंनें कहा कि स्कूल में खूब पढ़ाई करें, खेले और खाएं। उल्लेखनीय है कि नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए बुधवार को जिले के सभी स्कूलों में उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां नए बच्चों को स्कूल प्रवेश करने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल के परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



**जिपं सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल ने बच्चों को मिठाई खिलाकर कराया शाला प्रवेश**

जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल ने बुधवार को विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम चंदैनी, खड़ौदा, उड़ियाकला में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। सीईओं श्री अग्रवाल ने स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। उन्होंने स्कूली बच्चों को गणवेश, पुस्तकें का भी वितरण किया।

**स्कूली छात्र छात्राओं के प्रतिभा से प्रभावित हुए: श्री महोबे**

कलेक्टर श्री महोबे ग्राम बिरकोना के प्राथमिक शाला पहुंचकर बच्चों के साथ सहजता के साथ बातचीत कर उनके पूर्व ज्ञान का परीक्षण किया। वें अपने पूछे गए सवालों का उत्तर बच्चों से जानकर प्रभावित हुए। कलेक्टर ने कक्षा पांचवी के महिमा चंद्रवंशी से अंग्रेजी में प्रश्न पूछा वॉट इज यूवर नेम, वॉट इज यूवर फादर नेम, वॉट इज यूवर मदर नेम तब महिमा ने अंग्रेजी में फर्राटेदार जवाब दिया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी होरी राम साहू से भाग के सवाल पूछे जिसका उन्होंने तत्परता से जवाब दिया।



# शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

- नए सत्र के प्रवेशोत्सव से विद्यार्थियों में भारी उत्साह।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला संकुल केंद्र पेण्ड्रीकला में नए शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की तैल चित्र में विधि विधान सें पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला सरपंच जलेश्वर चंद्राकर व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

वहीं कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी विद्यार्थियों को गणवेश व पुस्तक वितरण कर प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अजय चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, दीपचंद कश्यप, जलेश्वर पटेल, कुलेश कश्यप, रज्जू लहरें, राजेन्द्र पटेल व शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, सुश्री जानकी चुरेंद्र व छात्र-छात्राएं ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप



**प्राथमिक शाला बसनी में मना शाला प्रवेश उत्सव**

**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला बसनी में नए शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया। जिसमें विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं सरपंच मनोज कुमार व प्रधान पाठक अशोक साहू द्वारा नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरण कर पढ़ाई-लिखाई में ध्यान देने तथा प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं व गणमान्य नागरिक गण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**बीजाझोरी में न्यौता भोजकर मनाया शाला प्रवेश उत्सव**

**बरबसपुर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बीजाझोरी में शाला प्रवेश उत्सव के पावन पर्व के अवसर पर शिक्षक सीडी भट्ट, अनिता सोनी द्वारा स्कूल के प्रथम दिवस बड़े ही धूम-धाम के साथ बच्चों के माथे पर चंदन लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी बच्चों को न्यौता भोज खिलाया गया जिसमें दाल, भात,आलू बड़ी की सब्जी,खीर, पुड़ी व केला खिला कर न्यौता भोजन करा कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। एंव बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया।

# वनांचल क्षेत्रों में लगाया जा रहा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सुंदूर वनांचल क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। मंगलवार को वनांचल क्षेत्र रेंगाखार में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया, जिसमे आसपास क्षेत्र के 386 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि शिविर में आंख से सम्बधित 66 लोगों का जांच किया गया, जिसमे 15 मोतियाबिन्द के मरीज मिले और 35 लोगों का चश्मा वितरण किया गया। दंत चिकित्सक द्वारा 20 मरीज का दांतो से संबंधित मरीज का उपचार एवं सलाह दिया गया। आर्थोपेडिक सर्जन द्वारा हड्डी से संबंधित 20 मरीज का उपचार किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों से संबंधित 70 मरीज का उपचार किया गया। स्त्री रोग 56 गर्भवती महिला का जॉच एवं जॉच के बाद सलाह दिया गया, हाईरिस्क गर्भवती महिला का पहले से चिन्हांकित किया गया एवं 02 गर्भवती महिला को आयरन एंव सूक्रोस का ड्रीप लगाया गया। मेडीसीन रोग विशेषज्ञ द्वारा 111 मरीज का उपचार किया गया एवं उचित सलाह प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शिविर में रक्त एवं ब्लड प्रेसर की जॉच किया गया, जिसमें 205 लोगों का हाईब्लड प्रेसर जॉच एवं सुगर जॉच किया गया। 288 लोगो का सिकलिन जॉच किया गया जिसमें 16 मरीज सिकलिन के मिले जिनका उपचार एवं उचित सलाह दिया गया। मलेरिया के 189 लोगों जॉच किए गए जिसमें सभी रिपोर्ट निगेटिव थे। उन्होंने बताया कि शिविर में आए एक महिला माता का जिसका पैरो मे संक्रमित लाइप्रोमा था। डॉक्टरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेंगाखार का अस्पताल में लाकर उनका टेनिस बाल आकार का उनका सर्जरी किया गया। इस शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पेट मे विकार, दांत में विकार, हड्डियों में परेशानी, विकलांगता, बच्चों में तुतलाना या अन्य समस्या की जांच, गर्भवती हाई रिस्क महिलाओं में जटिल माहवारी समस्या, आंखों में धुंधलापन मोतियाबिंद कानों की समस्या, सुनाई न देना, मनोरोग उपचार सभी प्रकार के स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। शिविर में स्थानीय स्वास्थ्य अमला द्वारा बहुत उल्लेखनीय कार्य किया गया।

## कंझेटा में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में बुधवार को नए शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव नें बताया कि प्रवेश उत्सव में सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्जन की गई, तत्पश्चात नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को अतिथियों एवं शिक्षको द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया, इस कार्यक्रम में समस्त स्कूल स्टॉफ, पालक गण, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, जगदीश साहू, कौशल मानिकपुरी, भुलाऊं मंडल, मोहन शर्मा, अर्जुन, श्री देवांगन, श्री ठाकुर, श्रीमती शिवानी दिनेश, श्री साहू, होमेंद्रे, श्री कश्यप सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# त्रुटि सुधार के लिए राजस्व अमले करेंगे भौतिक निरीक्षण, जरूरत पड़ी तो गांवों में कैंप लगाकर करेंगे निराकरण

- कलेक्टर ने कवर्धा एसडीएम व तहसील कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कवर्धा एसडीएम और तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने एसडीएम और तहसील न्यायालय में राजस्व के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और पंजीबद्ध प्रकरणों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए एसडीएम और तहसील कार्यालय में त्रुटि सुधार के लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी जताई और शीघ्रता से निराकरण कराने के लिए कवर्धा एसडीएम को आवश्यक निर्देशित किया। उन्होने त्रुटि सुधार के प्रकरणों को अवलोकन करते हुए कहा कि त्रुटि सुधार के लिए किसी भी पक्षकार को बार-बार कार्यालय बुलाने की आवश्कता नहीं है, त्रुटि सुधार के लिए राजस्व अमले स्वयं भौतिक तथा फिल्ड भ्रमणकर अवलोकन करेंगे और वहां अवलोकन करने के बाद प्रकरणों को निराकृत करेंगें, अगर जरूरत पड़ी तो राजस्व अमले संबंधित गांवों में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए गांवों में शिविर भी लगाए।

कलेक्टर ने त्रुटि सुधार के 74 लंबित प्रकरणों को शीघ्रता निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय में डायवर्सन के लंबित प्रकरणों के बारे में कलेक्टर ने पूरी जानकारी ली। यहां बताया गया कि नगर निवेश कार्यालय से डायवर्सन के संबंध प्रतिवेदन स्पष्ट नहीं आने की वजह से डायवर्सन की प्रक्रिया में देरी हो जाती है। कलेक्टर ने नगर निवेश अधिकारी को डायवर्सन के लिए चाही गई सभी प्रतिवेदन नियमानुसार स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने के लिए सख्त निर्देश दिए, ताकि डायवर्सन के लंबित प्रकरणों में तेजी आए।



कलेक्टर ने एसडीएम और तहसील न्यायालय के लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के बाहर एक भी प्रकरण नहीं होने चाहिए। सभी प्रकरण नियमानुसार पंजीबद्ध होनी चाहिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने तहसील कार्यालय के मरम्मत कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कानूको शाखा, स्थापना शाखा, लोक सेवा केन्द्र सहित सभी शाखाओं का अवलोकन किया और एसडीएम और तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, कवर्धा तहसीलदार, नयाब तहसीलदार एवं राजस्व अमले उपस्थित थे।

## लायंस क्लब के सत्र 2024-25 का शपथ ग्रहण संपन्न, अतिथियों ने बेहतर सेवाकार्यों की प्रेरणा दी



अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, शपथ अधिकारी द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपुदमन सिंह पुसरी, विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया, माइक्रो चेयरपर्सन मोहन सिंह छाबड़ा, नीरज मंजीत छाबड़ा, जोन चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल थे। अध्यक्ष बीपी गुप्ता ने स्वागत वक्तव्य दिया। शपथ अधिकारी ने अध्यक्ष लायन प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल, सचिव हरीश गांधी, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, उपाध्यक्ष द्वय आनंद दानी व गुरदीप अरोरा, सह सचिव मनोज कुमार ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष प्रमोद कोचर, टेल ट्विस्टर संगीता चौहान, टेमर ज्ञानचंद जैन, संचालक मंडल में महेन्द्र कौर छाबड़ा, सुनीता गुप्ता, धनसुख पटेल, राजकुमार गुप्ता, अजय गुप्ता, बद्री चन्द्रवंशी, मुकेश अग्रवाल, बीआर चंद्रवंशी, राजेन्द्र ठाकुर एवं रेखराज मूंदड़ा ने पूरे सत्र में बेहतर सेवाकार्य करने की शपथ दिलाई। क्लब के नए सदस्य एमएल बांठिया एवं बलदाऊ शर्मा का पिन लगाकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व अतिथियों ने मेन प्राइमरी स्कूल के 70 नवप्रवेशी बच्चों को टीका लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं फल वितरित कर स्वागत किया। तत्पश्चात रूपजीवन हॉस्पिटल परिसर में आम के पौधे रोपण किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन विस्तार से लायनवाद के लक्ष्यों और सेवाकार्यों की जानकारी दी। शपथ अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। शपथ के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेमचंद ने आगामी योजनाओं की जानकारी दी। मोहन छाबड़ा ने अच्छे सेवाकार्यों की प्रेरणा दी। रीजन चेयरपर्सन ने अपने रीजन को उल्लेखनीय बनाने के लिए आव्हान किया। नीरज मनजीत ने उम्मीद जताई कि यह सत्र नगर के क्लब के लिए विशेष सेवाकार्य लेकर यादगार बनेगा। आभार प्रदर्शन राजकुमार गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में लायन महेन्दर कौर छाबड़ा, सुनीता गुप्ता, सविता माहेश्वरी, संध्या दानी, कोमल गांधी, चरणजीत कौर अरोरा, देवदत्त ठाकुर, डॉ अरविंदर छाबड़ा, सुहैल मिर्जा, प्रीतम चरखा, शेरसिंह पाली सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**जनमेजय महोबे ने टेंडर भरने के बाद कार्य प्रारंभ नही करने वाले कॉन्ट्रैक्टर को ब्लेक लिस्टेड करने के दिए निर्देश**

# राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल जल जीवन मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाली जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होने जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यां की जानकारी लेते हुए लंबे समय से रूके कुछ कार्यो पर नाराजगी भी जताई। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय समन्वय से जो-जो कार्य रूके हुए है ऐसे कार्यो को दुरूस्थ करते हुए कार्यो पर प्रगति लाएं, उन्होंने कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यो को गंभीरता से नहीं लेने और टेंडर भरने के बाद कार्य प्रारंभ नही करने वाले ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्रों में रनिंग वाटर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां रनिंग वॉटर नहीं आ रहे है उसकी सूची तैयार करें और प्राथमिकता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के 164 गांवों का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने पूर्ण हो चुके कार्यो को ग्राम पंचायत को हैंड ओवर करने के विभाग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

**क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें: श्री महोबे**

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रारंभ कार्यों को जल्दी ही पूरा करें और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी जोर दिया कि जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएं। उन्होंने जल आपूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही जल स्रोतों की कमी, तकनीकी दिक्कतें सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन के कार्यों में जिन कारणों से दिक्कत आ रही है, उसे दूर करते हुए कार्य करे। विभाग के अधिकारी कारणों का चिन्हाकिंत करते हुए संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में पानी के सोर्स उपलब्ध है, टंकी और पाइप लाइन बिछ गई है, लेकिन अन्य कारणों से पेयजल प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, ऐसे ग्रामों की सूची तैयार करें और इसका निराकरण करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की सफलता के लिए सामुदायिक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करें और उन्हें जागरूक करें।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# जिले के 71 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना, डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले से अयोध्या में विराजित प्रभु श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए जिले के 71 श्रद्धालुओं का दुर्ग रेलवे स्टेशन में तिलक लगाकर एवं माला पहनकर सम्मान पूर्वक, अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इससे पहले दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा पर अपनी काफिला रूकवाकर रामलला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस रूकवाकर उनके साथ बस में बैठकर दुर्ग रेलवे स्टेशन तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामलला योजना के 71 लाभार्थियों से आत्मीय बातचीत की और सभी का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होने अपने बुजुर्गों को अभिनंदन करते हुए गले भी लगाया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए इस योजना के तहस सभी लाभार्थियों अभिनंदन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मोदी की गांरटी को पूरा करते हुए प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। इससे पहले 5 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। आज इस योजना के तहत दूसरी बार प्रदेश के अलग-अलग जिलों से अयोध्या में प्रभु राम जी की दर्शन के लिए लाभार्थियों को रवाना किया जा रहा है। यह हम सबके लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा संचालित श्री रामलला दर्शन योजना के तहत कबीरधाम जिले के 71 श्रद्धालुओं को इस योजना के लाभ लेने के लिए चयन किया गया है। इन सभी लाभार्थियों को कवर्धा भारत माता चौक से बस में बैठकर दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकुमार भट्ट, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनहरण कौशिक, रामलला दर्शन अयोध्याधाम योजना के जिला स्तरीय समिति के सदस्य शप्रदीप क्वर्थ, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, कैलाश चंद्रवंशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल सहित उपस्थित थे। सभी ने बस को झंडी दिखाकर दुर्ग के लिए रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि शासन की योजना का लाभ जिले के निवासियों को निःशुल्क मिल रहा है। जिला पंचायत के सभापति एवं सदस्य रामकुमार भट्ट ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिक गणों को मिल रही यह सुविधा प्रशंसनीय है तथा अयोध्या धाम का दर्शन सपना पूरा होने जैसा है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले के 71 श्रद्धालुओं को आज विशेष बस के माध्यम से दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम के द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनकर सम्मानपूर्वक रवाना किया गया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन के माध्यम से जिले के श्रद्धालु श्री अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### जिले से पहली बार श्रद्धालुओं का दल पहुंचेगा अयोध्या धाम

छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले से पहली बार श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ है। जिले के श्रद्धालुओं से मिलने छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जेवरा सिरसा पहुंचे जहां पर सभी श्रद्धालुओं से मुलाकात करते हुए उनके बस में बैठकर दुर्ग रेलवे स्टेशन तक साथ में यात्रा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से बात करते हुए उन्हें यात्रा की शुभकामनाएं दी तथा दुर्ग रेलवे स्टेशन में कबीरधाम के यात्रियों को उनके निर्धारित कोच में बैठाकर ट्रेन को दुर्ग रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई।


## खबर संक्षेप

### मांग पर बदली गई मेगा पालक सम्मेलन की तिथि

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने असाधारण राजपत्र 10 अक्टूबर 2023 में 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित किया है। लेकिन चालू शिक्षा सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त शैक्षणिक संस्थान में शिक्षक पालक सम्मेलन के समय सारिणी में 09 अगस्त को प्रथम मेगा पालक सम्मेलन आयोजित किए जाने का आदेश जारी किया था। विश्व आदिवासी दिवस इस प्रकार के शासकीय कार्यक्रम से आदिवासी समाज ने प्रदेशभर में शासन प्रशासन को ज्ञापन सौपकर इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज को स्कूल शिक्षा विभाग के प्रस्तावित शासकीय कार्यक्रम की तिथि परिवर्तन का भरोसा दिलाया था। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई कबीरधाम के मुताबिक समाज व संघ की इस मांग पर शासन ने अब प्रस्तावित प्रथम मंगा पालक सम्मेलन की तिथि परिवर्तन 6 अगस्त 2024 कर दी है। जिस पर संघ व समाज ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## निधन

### श्रीमती ऊषा देवी मिश्रा



**कवर्धा।** ग्राम राम्हेपुर कवर्धा के प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार की वरिष्ठ सदस्य एवं संजय मिश्रा, सत्येंद्र मिश्रा, ऋषि मिश्रा, महेश मिश्रा (हरिभूमि) तथा उपेंद्र मिश्रा की माता श्रीमती ऊषा देवी मिश्रा पति स्व. बलदाऊ प्रसाद मिश्रा का मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष की थी। श्रीमती उषा देवी मिश्रा काफी लम्बे समय से अस्वस्थ थी। उनके दुखद निधन से परिवार तथा समाज में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृह ग्राम राम्हेपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजनो, समाज के लोगों, ग्रामीणों के साथ ही पत्रकारों तथा नेताओं ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विरोध प्रदर्शन: जर्जर स्कूल भवन को लेकर ग्रामीणों व बच्चों में नाराजगी

# शाला प्रवेश उत्सव का बहिष्कार ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एक तरफ जहां 26 जून को जिलेभर में स्कूल शिक्षा विभाग तथा प्रशासन द्वारा शासन के निर्देशन पर धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया वहीं दूसरी तरफ जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम भालापुर में संचालित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों तथा उनके पालकों ने गांव में शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार करते हुए स्कूल में ताला जड़ दिया और सीधे तौर पर शासन प्रशासन को चेतावनी दी है कि जब तक गांव में नया स्कूल भवन नहीं बनता तब तक स्कूल में ताला जड़ा रहेगा।

दरअसल ग्राम भालापुर में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला भवन पूरी तरह से जर्जर और खण्डहर हो चुका है। जो कभी भी धराशाही हो सकता है। स्कूल भवन की इस खस्ताहाल को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण बीते करीब दो वर्षो से शासन, प्रशासन के साथ क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों से स्कूल में अध्यनरत बच्चों की सुरक्षा व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नए स्कूल भवन की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों की माने तो उनकी इस मांग पर आज पर्यंत कोई ध्यान नहीं दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद उन्हों ने कवर्धा विधायक व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के समझ भी अपनी इस मांग को रखा था लेकिन स्कूल भवन स्वीकृत नहीं किया गया। बताया जाता है कि शासन, प्रशासन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की इस उपेक्षा पूर्ण रवैये से ग्रामीण और स्कूली बच्चे काफी नाराज थे और उन्होने अपनी नाराजगी तथा असंतोष व्यक्त करते हुए नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार करते हुए स्कूल में ताला जड़ दिया और शासन, प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक गांव में नवीन शाला भवन की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाती थी स्कूल में ताला जड़ा रहेगा।

### दो कमरों में प्राथमिक व मिडिल स्कूल संचालित





ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम भालापुर में संचालित शासकीय स्कूल भवन की हालत बेहद खस्ताहाल है उस पर इस स्कूल भवन में सिर्फ दो ही कमरे हैं। जिसके एक कमरे प्राथमिक शाला संचालित की जाता है और दूसरे में मिडिल स्कूल का संचालन किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला में कुल 55 विद्यार्थी अध्यनरत हैं वहीं मिडिल स्कूल में कुल 37 की दर्ज संख्या है। ऐसे में समझा जा सकता है कि अलग-अलग कक्षाओं के इन विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में कितनी परेशानियों और कठनाईयों का सामना करना पड़ता होगा और स्कूल शिक्षा विभाग तथा शासन-प्रशासन बच्चों को किस स्तर की शिक्षा दे पाते होंगे।

### बेहतर स्कूली शिक्षा के दावे खोखले

निश्चित रूप से विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम भालापुरी में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्ण माध्यमिक शाला की इस अव्यवस्था को देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि शासन, प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग के बेहतर स्कूली शिक्षा के दावे खोखले हैं। एक तरफ शासन द्वारा बच्चों शानदार शिक्षा देने का दावा करते हुए नई शिक्षा नीति लागू की जा रही है वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता ये है कि जिले के वनांचल ईलाकों में स्कूली बच्चों के लिए सुविधापूर्ण तथा सुरक्षित स्कूल भवन तक नहीं है।

# मुख्यालय से नदारत दो सचिव किए गए निलंबन

- ग्राम पंचायत बिरकोना व बहरमुडा सचिव पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने बुधवार को जिले के विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत बहरमुड़ा और पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरकोना के सचिव पर निलबंन की कार्यवाही की है।

कलेक्टर ने पिछले दिनों कवर्धा विकासखंड के ग्राम पंचायत बहरमुड़ा का निरीक्षण किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत सचिव के विरूद्ध गंभीर शिकायत की थी। कलेक्टर ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओं को जांच के निर्देश दिए थे। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत बहरमुड़ा जनपद पंचायत कवर्धा के सचिव दिलीप ठाकुर द्वारा अपने मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होने ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत की जानकारी नहीं देने जनपद स्तरीय बैठको में उपस्थित नहीं होने के साथ-साथ कार्यों में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

इसी तरह विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत बिरकोना के सचिव भागवत कृषे द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करते हुए मुख्यालय में अनुपस्थित रहने, ग्राम पंचायत के अभिलेखो के संधारण में रुचि नहीं लेने तथा हितग्राहियों को पेंशन भुगतान करने में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त दोनों सचिवों का निलंबन छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 में निहित प्रावधानों के अनुसार किया गया है।

इन दोनो ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा दायित्व के निर्वाहन में गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारित बरती जा रही थी जो कि छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 में निहित प्रावधानों के विरुद्ध होने से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित सचिवों को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबित कर्मचारी भागवत कृषे का मुख्यालय जनपद पंचायत पंडरिया निर्धारित किया गया है।

ग्राम पंचायत बहरमुडा के निलंबित सचिव दिलीप ठाकुर का मुख्यालय जनपद पंचायत कवर्धा निर्धारित करते हुए रमेश शर्मा सचिव ग्राम पंचायत लखनपुर कला जनपद पंचायत कवर्धा को ग्राम पंचायत बहरमुडा का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। उपरोक्त दोनों कर्मचारी के द्वारा कार्यों में घोर लापरवाही बरतने की शिकायत पूर्व से प्राप्त हुई थी। जिस पर संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा कार्यवाही के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



कुण्डा पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 119/24 धारा 376, (2)(एन) भादवि और 06 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 25 जून 2024 को पीड़िता ने पुलिस थाना कुण्डा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू चंद्राकर, निवासी बांधा ने मार्च 2021 से मई 2024 तक पीड़िता को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना कुण्डा में अपराध क्रमांक 119/24 धारा 376, (2)(एन) भादवि और 06 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। अपराध दर्ज होने के कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और घटना में प्रयुक्त कार को भी आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। आरोपी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू चंद्राकर पिता छबीलाल चंद्राकर आयु 24 निवासी बांधा थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के खिलाफ विधिवत कार्यवाही करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक महेश प्रधान, प्रधान आरक्षक मुकेश राजपूत, भोलाराम यादव, आरक्षक विकास श्रीवास्तव, हिरेश सिंह, अजय चंद्रवंशी, आलोक सिंह, महिला आरक्षक नुमति साहू, बबली चंद्राकर का विशेष योगदान रहा है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छिरहा स्कूल में अध्यापन कार्य प्रारम्भ



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय प्रारम्भ होने के प्रथम दिवस 26 जून से ही कक्षाओं में अध्यापन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने पोषित शाला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छिरहा, मगरदा, बिरुटोला व घोठिया से आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के पालकों से अपने पाल्य को कक्षा नवमीं में अविलंब प्रवेश दिलाने का आव्हान किया है, ताकि विद्यार्थी पढ़ाई में पिछड़ने न पाए. विद्यालय के व्याख्यातागण कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने छिरहा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों से अपने पाल्य को नियमित रूप से विद्यालय भेजने कहा है। विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के पहले दिन माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं विद्यार्थियों का गुलाल से स्वागत पश्चात निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरित किया गया। नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन कक्षा नवमीं में 21 विद्यार्थियों ने विद्यालय में प्रवेश लिया। विद्यालय में बनाए गए सेल्फी जोन में नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लिया. प्राचार्य श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि इस बार नए शिक्षा सत्र की शुरुआत 16 जून के बजाय 26 जून से हुआ है। छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रारम्भ में एक मई से 15 जून 2023 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया था, लेकिन भीषण गर्मी के कारण इसमें बदलाव करते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश को 25 जून तक बढ़ा दिया था।

# अभ्युदय ने आयोजित किया पालकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में गत मंगलवार को प्रात 10 बजे से 12.00 बजे तक नवप्रवेशित एवं कक्षा छठवीं के समस्त पालकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी आगंतुक पालकों का स्वागत किया गया तत्पश्चात विद्यालय के उपप्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया फ्रेग्रेड के द्वारा अभ्युदय के वार्षिक शैक्षणिक गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। जिसमे विशेषतया इस विद्यालय के उद्देश्य एवं उद्देश्य के प्रति तत्परता, लगन, समर्पण के भाव को विस्तार से पल्लवित किया गया जो कि विद्यालय के पहचान एवं गरिमा का परिचायक रहा जिसमे पालकों के मन में अपने बच्चे के सर्वांगीण विकास के प्रति सशक्त नीव का अभिर्भाव हुआ। तदुपरांत विद्यालय के उपप्राचार्य एफआर खान ने शैक्षणिक क्रियाकलाप के साथ विद्यार्थियों में जीवन कौशल के विकास के परिपेक्ष्य में व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक पृष्ठभूमि का महत्त्व और आगामी भविष्य के प्रति बेहतर मार्ग चयन के समसामयिक विषय पर सारगर्भित तथ्यों से पालकों का परिचय दिया जो अभ्युदय विद्यालय की मूल पहचान है, हमेशा सब के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते सहयोग प्रदान करना। पालकों के द्वारा भी इस कार्यक्रम की सराहना की गई और वे सभी अभ्युदय विद्यालय के कार्यशैली और योजनाओं से संतुष्ट व प्रभावित लगे।

## गांव के दबंगो ने नवविवाहितों तथा उनके परिजनो को गांव से किया बहिष्कृत

# प्रेमी जोड़े को परिजनो की रजामंदी के बाद भी इंटरकास्ट विवाह करना पड़ रहा मंहगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत कुकदुर थाना के ग्राम भेड़ागढ़ निवासी एक युवा जोड़े को इंटरकास्ट विवाह करना मंहगा पड़ रहा है।

पीड़ित नवविवाहित जोड़े की माने तो विवाह के बाद गांव के ही कुछ दबंग लोगों द्वारा उन्हें तथा उनके परिजनो को बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है इतना ही नहीं दबंगो ने बकायदा ग्रामीणों की बैठक बुलाकर उन्हें गांव से बहिष्कृत कर दिया है। जिसकी शिकायत पीड़ित पक्ष द्वारा कुकदुर थाना में दर्ज कराई गई है लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसे देखते हुए अब पीड़ित पक्ष ने जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही और न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ागढ़ के निवासी पूर्णतः वालिग संतोष सोनवानी ने अपने ही गांव की वालिग भगवती मेरावी से दोनो परिवारों की रजामंदी के बाद विवाह किया है।

इस विवाह से युवक व युवति के साथ ही उनके परिजन भी खुश हैं। लेकिन गांव के कुछ दबंगो का इस प्रेमी जोड़े का इंटरकास्ट विवाह पसंद नहीं आ रहा है और उन्होने इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए युवक व युवति के साथ ही उनके परिजनो को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। युवक व युवति ने बताया कि इन दबंगो ने हाल के दिनो में ग्रामीणों की बैठक बुलाकर उन्हें तथा उनके परिजनो को गांव से बहिष्कृत करने का फरमान सुना दिया है।

जिसके बाद से न तो कोई ग्रामीण उनसे बातचीत कर रहा है और न ही गांव में उनके साथ किसी प्रकार का कोई लेनदेन किया जा रहा है। दबंगो के फरमान के मुताबिक अगर उनके साथ कोई ग्रामीण बातचीत अथवा लेनदेन करता है तो उसे 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड भरना होगा। जिसके भय से कोई भी ग्रामीण उनके साथ नहीं है। पीड़ितों ने बताया कि दबंगो के इस अत्याचार के खिलाफ उन्होने कुकदुर थाना में रपट दर्ज कराई है लेकिन कुकदुर पुलिस भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिसके बाद अब पीड़ित युवक व युवति ने जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही तथा न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

# शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सिग्नल चौक कवर्धा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, वनीत छाबड़ा, श्री धुर्वे एवं समाजसेवी श्रीमती शुशीला श्री श्रीमाल ने विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में विद्यार्थियी के सर्वांगीण विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते है, शिक्षक ही उन्हें आकर देकर उनके सपनों को साकार करते है। माता पिता की प्रथम पाठशाला से ऊपर विद्या अध्ययन करने विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप उक्त बातें कही।

उन्होंने बच्चों के सपनों को मूर्त रूप प्रदान करने सभी शिक्षकों से आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने शिक्षकों से कहा कि छत्तीसगढ़ को सशक्त एवं समृद्ध बनाने में आज के इस नवनिहाल बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा, क्रीड़ा, सांस्कृतिक, प्रतियोगिता परीक्षाओ की सम्पूर्ण जनकारी दे। चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि आज वर्तमान परिवेश पूर्णतः बदल गया है, आज छोटे एवं बड़े सभी नशे, अन्य अनेक प्रकार की बुराइयों के गिरफ्त में आ चुके है। उन्हें भी समाज के मुख्यधारा में जोड़कर प्रगति का अवसर प्रदान करने में कोई भी कसर बाकी न रहे।

उन्हांने कहा कि ऐसी संकल्पना निभाने वाले समस्त शिक्षकों का इस शाला प्रवेश उत्सव में हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूं। अथितियों ने सम्बोधित करते हुए आशीर्वचन प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामनां की। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य ने विद्यालय की भैतिक संरचना, सुविधाएं पर अतिथियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सभी अतिथियों के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त करते हुए स्टाफ और बच्चों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी।